# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बिहार वेटेरिनरी कॉलेज (बीवीसी), पटना में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक व्यापक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 31/05/2026 को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाली शारीरिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त परिसर एवं समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार वेटेरिनरी कॉलेज के माननीय डीन महोदय, प्रोफेसर (डॉ.) पल्लव शेखर के उद्घाटन संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं, आर्थिक क्षति तथा सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से कॉलेज परिसर को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

उद्घाटन सत्र के पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने तंबाकू निषेध से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया तथा तंबाकू के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। रैली ने पूरे परिसर में जागरूकता का वातावरण तैयार किया और सभी प्रतिभागियों में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए तंबाकू निषेध विषयक त्रि-आयामी (3D) मॉडल रहे। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इन मॉडलों को रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को विषय को समझने में सहायता मिली।

इसके अतिरिक्त तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने "**तंबाकू हटाओ और युवा बचाओ**" विषय पर वेटेरिनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स (VCC), बीवीसी, पटना परिसर में एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से युवाओं को तंबाकू की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। साथ ही, पशुपालक एवं पालतू पशु मालिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और जागरूकता गतिविधियों का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पंकज कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, वेटेरिनरी प्रसार शिक्षा तथा डॉ. सिउली साहा रॉय, प्रोफेसर, वेटेरिनरी पब्लिक हेल्थ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। दोनों वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों, कैंसर एवं अन्य गंभीर रोगों के बढ़ते खतरे तथा युवाओं में जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

अंत में जागरूकता रैली डीन कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई, जिसके साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह कार्यक्रम तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा महाविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।














BIHAR VETERINARY COLLE


WORLD NO TOBACCO DAY
Unmasking the Appeal – Countering Nicotine and Tobacco Addiction
SAY NO TO TOBACCO








बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्
WORLD NO TOBACCO DA
Unmasking the Appeal – Countering Nicotine and Tobacco Addiction
SAY NO TO TOBACCO
O.P.D.

